**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 871**
**दिनांक 29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## शिवहर में एम्स की स्थापना

**871. श्रीमती लवली आनंद:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार बिहार के शिवहर जैसे पिछड़े क्षेत्र में एम्स जैसे आधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल की स्थापना करने का है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अस्पताल को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत देश में 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को मंजूरी दी गई है, जिनमें बिहार राज्य में 2 एम्स शामिल हैं: एक एम्स पटना में जो पूर्णतया कार्यशील है और दूसरा एम्स दरभंगा में जिसके लिए राज्य सरकार ने सितंबर 2024 में 187.44 एकड़ जमीन सौंप दी है। इसके अलावा, बिहार में विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों के विस्तार और मजबूती के लिए, पीएमएसएसवाई के एक अन्य घटक के तहत केंद्र-राज्य लागत साझाकरण के आधार पर सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) के निर्माण के माध्यम से निम्नलिखित छह (06) सरकारी मेडिकल कॉलेजों / संस्थानों के उन्नयन को मंजूरी दी गई है: (i) श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर (ii) दरभंगा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, दरभंगा (iii) जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, भागलपुर (iv) अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया (v) पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, पटना और (vi) ) इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान। पीएमएसएसवाई के वर्तमान चरण में बिहार के शिवहर में एम्स की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******